Dabang Dunia, 03 May, 2019, Page-02 (Dabang Dunia 2)

# आईआईटी इंदौर ने बनाई शीर्ष 50 इंस्टिट्यूट्स में जगह

इंदौर। एशिया की सर्वश्रेष्ठ यूनिवर्सिटी की रैंकिंग में आईआईटी इंदौर ने टॉप 50 में जगह बना ली है। टाइम्स हायर एजुकेशन रैंकिंग की सूची में एशिया के 27 देशों के 400 इंस्टिट्यूट शामिल किए गए थे, जिनमें आईआईटी को 50वां स्थान मिला है। इसमें पांच पैरामीटर थे, जिसमें टीचिंग में 25 प्रतिशत, रिसर्च में 30 प्रतिशत व सिटेशन में 30, इंटरनेशनल में 7.5 प्रतिशत के आधार पर रैंकिंग दी गई, जिसमें आईआईटी ने 100 में से 44.8 का स्कोर हासिल किया है। इस मौके पर आईआईटी के डायरेक्टर प्रो. प्रदीप माथुर ने कहा कि हम दुनिया की सबसे बेहतर फैकल्टीज को यहां लाने की कोशिश करेंगे और विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय शिक्षा मिल सके इसका प्रयास करेंगे।